दिनांक–10.10.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- एनीमिया दूर करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में अगले चार साल तक मिलेगा नि:शुल्क फोर्टिफाइड चावल।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पंजीयन विभाग के नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 का करेंगे लोकार्पण ।
- क्रिकेट में भारत की पुरुष टीम ने बांगलादेश और महिला टीम ने श्रीलंका पर दर्ज की भारी जीत।
- प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का निधन, प्रधानमंत्री सहित विभिन्न नेताओं ने किया शोक व्यक्त।

मंत्रिमंडल - फोर्टिफाइड चावल

केंद्र ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत इस साल जुलाई से दिसंबर, 2028 तक नि:शुल्क फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने की स्वीकृति दे दी है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कहा कि इस पहल से एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी की समस्या कम होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र सरकार के 100 प्रतिशत वित्त पोषण के साथ इस योजना पर 17 हजार 82 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

इस चावल में निर्धारित मानकों के अनुसार आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों को मिलाया जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पंजीयन विभाग की नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 के ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग का शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन एवं नोटिफिकेशन जारी होने से अब देश में मध्यप्रदेश दस्तावेजों के पंजीयन एवं ई-स्टाम्पिंग के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित हुआ है।

श्री देवड़ा ने बताया कि इस साल अप्रैल में 4 जिले क्रमश: गुना, हरदा, डिण्डोरी एवं रतलाम में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत ई-पंजीयन एवं ई-स्टॉम्पिंग को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त जिलों में लागू किये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। इस सॉफ्टवेयर द्वारा सम्पत्तियों का अंतरण, लोन इत्यादि दस्तावेजों का पंजीयन पूर्ण रूप से डिजिटली ही किया जायेगा।

डिजीलॉकर उमंग

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिल जायेगी। मंत्रालय ने कहा है कि उमंग ऐप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। इसकी सेवाओं का लाभ डिजीलॉकर ऐप के माध्यम से लिया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि डिजीलॉकर डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य आवश्यक दस्तावेजों का सुरक्षित क्लाउड-बेस स्टोरेज प्रदान करना है।

'ऊर्जा साक्षर शहर'

इंदौर को देश का पहला 'ऊर्जा साक्षर शहर' बनाने के लिए 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दिसंबर से शुरू होने वाले इस अभियान के लिए नगर निगम और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। इस अभियान का नेतृत्व आईआईटी मुंबई के प्रोफ़ेसर और सोलर मैन ऑफ इंडिया डॉ. चेतन सिंह सोलंकी करेंगे। श्री भार्गव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रयास करना है। अभियान में शहर की बिजली खपत में कमी लाना और 5 लाख से अधिक लोगों को ऊर्जा साक्षर बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं का सतत विस्तार हो रहा है। कोविड के समय उन्होंने 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत को चरितार्थ करके दिखाया।

ग्वालियर में कल एक निजी अस्पताल के उदघाटन समारोह को संबोधित कर उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया में कोरोना का हाहाकार मचा हुआ था, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संसाधनों और बौद्धिक क्षमताओं का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया।

मुख्यमंत्री

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में मध्यप्रदेश में केवल ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर व रीवा में मेडिकल कॉलेज थे। अब प्रदेश में 14 सरकारी मेडीकल कॉलेज हो गए हैं।

रतन टाटा निधन

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का कल रात मुंबई में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री टाटा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। आज उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

भारत के सबसे सम्मानित व्यापारिक दिग्गजों में से एक रतन टाटा अपने ट्रस्ट के जरिए पूरी तरह से परोपकारी गतिविधियों में शामिल थे। उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रतन टाटा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रतन टाटा का दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाई।

क्रिकेट महिला

आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में, भारत ने कल रात दुबई में श्रीलंका को 82 रनों से हरा दिया। रनों के लिहाज से यह भारत की महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने पहले बल्लेबाजी

करते हुए हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के अर्धशतकों की बदौलत 172 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम 19 ओवर और 5 गेंदों में 90 रन पर ऑलआउट हो गई।

क्रिकेट पुरुष

वहीँ, भारतीय पुरुष टीम ने ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश पर 86 रनों की शानदार जीत दर्ज की। नई दिल्ली में इस जीत के साथ भारत ने एक मैच शेष रहते तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से जीत ली है। भारत ने निर्धारित बीस ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाये। नितीश रेड्डी ने सबसे अधिक चौहत्तर रन बनाए जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने निर्धारित बीस ओवर में 9 विकेट पर 135 रन बनाये। भारत और बांग्लादेश के बीच तीसरा और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शनिवार को खेला जाएगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा में गेहूँ एवं अन्य फसलों की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले ने बताया कि निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित कृषक से पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जावेगी।
- मंडला जिले के नैनपुर में पुलिस द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर में "मैं हूं अभिमन्यु" अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी दी गई ।
- इंदौर में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है। इन प्रयोगशालाओं का संचालन जिले के युवा उद्यमियों/संस्थाओं द्वारा ही किया जायेगा।
- मुरैना में जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- अनूपपुर में मद्य निषेध सप्ताह के समापन कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।
- छतरपुर जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने राजनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इसमें डॉक्टर एवं स्टाफ की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली।
- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

- खरगोन जिले के पुलिस ने बैडिया और बिस्टान थाना क्षेत्र में 13 लाख रुपय से अधिक के गांजे के पौधे बरामद कर दो किसानों को गिरफ्तार किया है।
- दमोह जिले के चैनपुरा में ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गयी और सात अन्य घायल हो गए ।
- कटनी के शासकीय कन्या महाविद्यालय में संभाग स्तरीय अंतर जिला महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में जबलपुर ने नरसिंहपुर को हराकर स्पर्धा जीत ली।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- एनीमिया दूर करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में अगले चार साल तक मिलेगा नि:शुल्क फोर्टिफाइड चावल।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पंजीयन विभाग के नवीन तकनीक पर विकसित सॉफ्टवेयर संपदा -2.0 का करेंगे लोकार्पण ।
- क्रिकेट में भारत की पुरुष टीम ने बांगलादेश और महिला टीम ने श्रीलंका पर दर्ज की भारी जीत।
- प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का निधन, प्रधानमंत्री सहित विभिन्न नेताओं ने किया शोक व्यक्त।

----